




हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 जून 2026



12 मारवाड़ी कुआं शिवमंदिर प्रागंण में पुरुषोत्तम ...



13 गांवों में सजी कृषि चौपाल किसानों को बांटे गए...






# सुहेला की आयुष्मान समिति बनी पर्यावरण संरक्षण की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सुहेला की आयुष्मान समिति आज एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरी है। वर्ष 2014 में गांव के 20 जागरूक नागरिकों ने मिलकर इस समिति का गठन किया था। उस समय मात्र 30 पौधों के साथ शुरू हुआ यह अभियान आज 1200 से अधिक वृक्षों तक पहुंच चुका है, जिनमें से लगभग 850 वृक्ष पूर्ण विकसित पेड़ों का रूप लेकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आयुष्मान समिति की ▶▶ शेष पेज 12 पर

## 12 वर्षों में लगाए 1200 वृक्ष, 850 पेड़ बनकर दे रहे हरियाली का संदेश



### 12 वर्षों से बिना किसी विशेष सहायता के जारी है अभियान

समिति के सदस्यों का कहना है कि स्थापना से लेकर अब तक उन्हें शासन, प्रशासन अथवा जनप्रतिनिधियों से कोई विशेष आर्थिक सहयोग प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद सदस्यों ने अपने संसाधनों, श्रमदान और जनसेवा की भावना से इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाया है। समिति का मानना है कि यदि शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और आम नागरिक सहयोग के लिए आगे आएं तो सुहेला को हरित और पर्यावरणीय दृष्टि से और अधिक समृद्ध बनाया जा सकता है।

### प्रोत्साहन की है आवश्यकता

आज जब जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण वैश्विक चिंता का विषय बने हुए हैं, ऐसे समय में सुहेला की आयुष्मान समिति का कार्य न केवल प्रशंसनीय बल्कि अनुकरणीय भी है। शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे इस प्रकार की जनहितैषी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित संस्थाओं को प्रोत्साहित करें, ताकि जनसहभागिता से हरित छत्तीसगढ़ का सपना और अधिक मजबूत हो सके। आयुष्मान समिति ने यह साबित कर दिया है कि यदि समाज ठान ले तो बिना पद, बिना प्रचार और बिना बड़े संसाधनों के भी पर्यावरण संरक्षण का बड़ा आंदोलन खड़ा किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पात्रता अनुसार बनाए जा रहे हितग्राहियों के राशन कार्ड

**बलौदाबाजार**। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन खाद्य विभाग द्वारा पात्रता अनुसार हितग्राहियों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है। शासकीय उचित मूल्य की दुकान मिर्गी से संलग्न ग्राम खैरी (आर) जनपद पंचायत भाटापारा में कुल 490 राशन कार्ड धारी है जिसमे अंत्योदय कार्डधारी परिवार 38, निराश्रित कार्ड धारी परिवार 4, प्राथमिकता कार्ड धारी परिवार 402, सामान्य राशन कार्ड धारी परिवार 46 है। इस प्रकार इस ग्राम के 90 प्रतिशत परिवार शासन के निःशुल्क खाद्यान्न योजना का लाभ उठा रहे है।वर्तमान में संचानालय खाद्य नागरिक आपूर्ति अवम् उपभोक्ता संरक्षण द्वारा एपीएल राशन कार्ड को कैंसिल कर बीपीएल कार्ड नहीं बनाये जाने का निर्देश है। जैसे ही शासन से बीपीएल राशन कार्ड बनाने का निर्देश प्राप्त होगा वैसे ही ग्राम पंचायत खैरी (आर) के ग्रामीणों का पात्रता परीक्षण संबंधित ग्राम के पटवारी, सचिव और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भाटापारा से कराकर नवीन राशन कार्ड जारी करने की कार्यवाही की जाएगी ।

### जिले की पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आज

बलौदाबाजार। जिले के प्रत्येक पंचायतों में 5 जून को ग्राम सभा का आयोजन करने हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदेशित किया है। ग्राम सभा में शतप्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा। ग्राम सभा में विशेष रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चर्चा की जाएगी। इसमें ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन। पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन। पिछले वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एर्व कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन। ग्राम पंचायतों में कर अधिरोपण एवं संग्रहण की प्रणाली ऑनलाइन करने के लिए समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग करने तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर के दर निर्धारण पश्चात कर अधिरोपण प्रारंभ करना आदि शामिल है।

### चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भाटापारा**। समाधान सेल में सूचना मिला की एक आरोपी द्वारा पटपर भाटापारा में चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। सूचना पर ग्रामीण थाना पुलिस टीम द्वारा पटपर पहुंच कर आरोपी जयकुमार 30 वर्ष को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

## सामुदायिक भवन, मंगल भवन, सीसी रोड और तालाब सौंदर्यीकरण सहित कई घोषणाएं

# बिलाईगढ़ में मुख्यमंत्री की लगी चौपाल सुनी लोगों की समस्याएं, विकास की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के ग्राम भीखमपुरा पहुंचे, जहां उन्होंने गौशाला परिसर में आयोजित जनचौपाल में आमजन से सीधा संवाद किया। पारंपरिक खाट पर बैठकर मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों, महिलाओं, जनप्रतिनिधियों तथा स्व-सहायता समूह की सदस्यों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करना तथा योजनाओं के क्रियान्वयन का जमीनी फीडबैक प्राप्त करना है।

उन्होंने कहा कि सरकार गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रही है और उनके समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में आयोजित चौपालों और समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। आज सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला में 26वां जन चौपाल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास

- सुविधाओं में सबसे ज्यादा जरूरतमंद को राज्य सरकार ने दिया पहला लाभ
- मिला पीएम आवास, राशनकार्ड, पेंशन, बोर, महतारी वंदन, नल कनेक्शन

योजना, किसानों के हित में संचालित योजनाओं, सौर ऊर्जा विस्तार तथा स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और विकास को जनभागीदारी से जोड़ना है। ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत मांगों पर मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने सपेरा समाज के लिए सर्व ▶▶ शेष पेज 12 पर

### सपेरा बस्ती पहुंचे सीएम विष्णु

**बिलाईगढ़।** सबसे जरूरतमंद को सबसे पहले शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को दोपहर में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्राम भीखमपुरा के सपेरा बस्ती अचानक पहुंचे। इस बस्ती में विगत 35-40 साल से झुग्गी झोपड़ी बनाकर और सपेरा का काम कर अपनी गुजर बसर करने वालों को राज्य सरकार ने बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराया है। पीएम आवास, राशनकार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बोर, नल कनेक्शन, आयुष्मान वय वंदन, ट्रायसायकल दिया है। वहीं योजना से सीसी सड़क, पक्का नाली मिला है।पीएम आवास में रहने के लिए 65 परिवारों में से 50 परिवार को पीएम आवास का पक्का मकान आवासीय कॉलोनी के रूप में दिया है, आवास कार्य पूर्णता की ओर है, ढलाई हो चुका है,





रंगरोगन कार्य शेष है, जिसमें रसोई, आँगन, शौचालय, बाड़ी आदि कॉलोनी के रूप में दिया है। मुख्यमंत्री ने छत पर सौर ऊर्जा की सुविधा देने की बात कही। राशनकार्ड - लगभग 60 परिवार का राशनकार्ड बना है, जिन्हे प्रतिमाह राशन का लाभ मिलता है। सपेरा बस्ती में पेयजल की समस्या था। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ओर से बोर खनन फ़रवरी माह में किया गया है, वहीं न जल जीवन ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खड़े ट्रक से बाइक टकराई, अस्पताल ले जाते चालक ने दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

पुलिस थाना सरसीवां के अंतर्गत ग्राम भिनोदा में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। सड़क किनारे कई दिनों से लावारिस हालत में खड़े एक ट्रक से टकराने के कारण बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था, जिसकी मौत के बाद पीड़ित परिवार के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।





मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पीपरभवना निवासी भूषण कुर्रे पिता स्वर्गीय धजा राम कुर्रे अपने किसी निजी काम से कुटेला भाठा गया हुआ था। वहां से वापस लौटते समय, रात के अंधेरे के कारण ग्राम भिनोदा के पास सड़क पर खड़े एक ट्रक को वे नहीं देख पाए और उनकी मोटरसाइकिल सीधे ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भूषण कुर्रे को गंभीर चोटें आईं और वे लहूलुहान होकर सड़क पर ही अचेत पड़े रहे। वहां से गुजर रहे राहगीरों की नजर जब घायल युवक पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना सरसीवां थाना, 108 एम्बुलेंस और मृतक के परिजनों को दी। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ ले जाया जा रहा था, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक के परिजन लक्ष्मण सिंह कुर्रे ने बताया कि भूषण अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। वह अपने घर का ▶▶ शेष पेज 12 पर

## एक माह में 198 लीटर शराब जब्त 73 प्रकरण दर्ज किए गए

**बलौदाबाजार** । कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में माह मई में आबकारी विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत 73 अपराधिक प्रकरण कायम कर 198.96 बल्क लीटर अवैध शराब, 200 किलोग्राम महुआ लाहन एवं एक मोटर सायकल जब्त किया गया।

जब्त मदिरा का बाजार मूल्य 82,049. एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य-12 हजार तथा दो पहिया वाहन का बाजार मूल्य 30 हजार कुल बाजार मूल्य 1,24,049 रुपए होना पाया गया। 70 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।वित्तीय वर्ष 2026-27 में माह मई तक जिले में संचालित विभिन्न मदिरा दुकानों में प्रभारी अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं निरीक्षण के दौरान मैनपावर एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा अनियमितता पाये जाने पर 8 कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर उनका नाम ब्लैक लिस्ट में डाला गया है।

## संयंत्र में कन्वेयर बेल्ट में आग, सुरक्षा पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



श्रीरायपुर सीमेंट संयंत्र खपराडीह में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया, जब संयंत्र के प्रीहीटर के चौथे फ्लोर में स्थित सेकरेफाइस कन्वेयर बेल्ट में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद प्रीहीटर से उठता काले धुएं का घना गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देता रहा, जिससे आसपास के ग्रामीणों में कौतूहल और चिंता का माहौल बन गया। ग्रामीण दूर-दूर से धुएं और आग के दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए।

जानकारी के अनुसार जिस कन्वेयर बेल्ट में आग लगी, उसके माध्यम से राइस भूसा (राइस हस्क) तथा अन्य रिजेक्ट एवं वेस्ट मटेरियल किलन तक पहुंचाया जाता है। संयंत्र में इन वेस्ट मटेरियल का उपयोग इंधन के रूप में किया जाता है। आग लगने की घटना इसी कन्वेयर सिस्टम में हुई, जिससे कुछ समय के लिए संयंत्र परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रीहीटर के ऊपरी हिस्से से लाल रंग की धधकती आग और उससे निकलता काला धुआं दूर से साफ दिखाई दे रहा था। आग और धुएं का गुबार इतना अधिक ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खाद्य और औषधि प्रशासन की टीम ने 2 किलो खराब मोमोस किया नष्ट

**भाटापारा**। जिले के खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता जांच की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को भाटापारा के कई दुकानों का निरीक्षण किया गया और ख़राब मोमोस व चटनी को नष्ट कराया गया। त्रिपुरा सुंदरा देवी मोमोस सेंटर, डबल बहादुर मोमोस सेंटर,जय हिन्द हॉटल के पास सदर बाजार, पशुपति नाथ मोमोस एण्ड चाईनीस सेंटर की जाँच कर त्रिपुरा सुंदरा देवी मोमोस सेंटर में 2 किलोग्राम खराब मोमोस व डबल बहादुर मोमोस सेंटर में 1 किलोग्राम खराब मोमोस चटनी नष्ट कराया गया। फर्मों से जाँच हेतु मोमोस



चटनी, स्टिम्ड वेज मोमोस, चाईनीज पकौड़ा, फाई वेज मोमोस एवं फिंगर चिप्स का नमूना लेकर जाँच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। मोमोस एवं चाईनीज पकौड़ा फर्मों को खाद्य सुरक्षा एवं मानकचाईनीज पकौड़ा फर्मों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत साफ-सफाई के सुधारात्मक निर्देश दिए गये।

## अविश्वास प्रस्ताव में मात्र तीन मत मिले

# तुरमा पंचायत के सरपंच की कुर्सी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

बलौदाबाजार ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुरमा में सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। प्रस्ताव के पक्ष में 9 मत पड़े, वहीं विपक्ष में 3 मत, जिसमें 1 मत सरपंच का शामिल है। अविश्वास प्रस्ताव पास होने के बाद ग्राम पंचायत तुरमा के सरपंच फुलेश्वरी बंजारे को पद मुक्त कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत तुरमा के पंचों ने 9 बिन्दुओं पर पंचायत राज अधिनियम की धारा 21 के तहत अविश्वास प्रस्ताव पत्र एसडीएम को सौंपा था। अविश्वास प्रस्ताव पत्र के आधार पर एसडीएम ने तहसीलदार पोखन टोन्डे को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया।



प्रस्ताव पर कार्रवाई करते हुए 28 मई को पंचायत बुलाई गई । जहां सरपंच फुलेश्वरी बंजारे ने हाई कोर्ट बिलासपुर से स्टे ऑडर लाने के कारण अविश्वास प्रस्ताव को रोक दिया गया। उसके पुनः अविश्वास प्रस्ताव के लिये 4 जून को सभी पंच, सरपंच के उपस्थिति में प्रस्ताव पर वोटिंग कराई गई। इसमें अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 9 व विपक्ष में 3 वोट पड़े। इस प्रकार सरपंच फुलेश्वरी धन्नू बंजारे को हटाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इन 9 बिन्दुओं पर लाया गया प्रस्ताव पंचायत राज अधिनियम की धारा 21 के तहत 9 बिन्दुओं पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। जिसमें बिना प्रस्ताव के राशि आहरण करना।

महिला पंचों के साथ अभद्र व्यवहार करना, ग्राम पंचायत के व्यक्तिगत व तानाशाही पूर्वक काम करना आदि शामिल है। तुरमा के पंचों ने बताया कि इन प्रमुख बिन्दुओं के आधार पर सरपंच को हटाने के लिए पंचों के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। जिसको जांच अधिकारी ने सही पाया । आपको बता दें कि अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद पद से हटाए गए सरपंच पद को भरने के लिए 6 माह के भीतर चुनाव कराना होता है।इस दौरान लवन तहसीलदार पेखन टोन्डे, जनपद पंचायत बलौदाबाजार के शत्रुघन लाल ध्रुव व पंचगण वर्षा टंडन, लीलावती साहू, नन्की बंजारे, मानकुमारी साहू, बालमूकुन साहू उपसरपंच, उत्तरा टंडन, निरा पैकरा, बिनोद साहू, शिवकुमारी प्रजापती, डेविड प्रजापति, कमलाबाई पटेल एवं ग्रामवासियों भी उपस्थित रहे।

## शादी समारोह में डीजे विवाद पर चाकूबाजी गांव के दो आरोपी पुलिस हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शादी के चुलमाटी कार्यक्रम में डीजे गाड़ी चलाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक पर चाकू और बेल्ट से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल एक अपचारी बालक (विधि से संघर्षरत बालक) सहित दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मटिया निवासी प्रार्थी बृजेश बंजारे ने 3 जून को चौकी गिरौदपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि 2 जून को गांव में ही एक शादी का चुलमाटी कार्यक्रम था। इस दौरान डीजे गाड़ी चलाने को लेकर आरोपियों ने /"डीजे गाड़ी को बहुत तेज-तेज चला रहे हो/"



कहकर विवाद शुरू किया था।

इसी पुरानी रंजिश और विवाद को लेकर उसी रात करीब 10.30 बजे मुख्य आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर प्रार्थी को उसके दोस्त के घर के बाहर घेरा। वहां गाली-गलौज करते हुए बेल्ट और हाथ-मुक्के से मारपीट शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने हत्या करने की नीयत से प्रार्थी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1), 3(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था।

### आरोपियों ने कबूला जुर्म, भेजे गए जेल

कड़ाई से पूछताछ करने पर दीपांशु टंडन 21 साल निवासी- ग्राम मटिया चौकी गिरौदपुरी और एक विधि से संघर्षरत बालक ने स्वीकार किया कि डीजे गाड़ी तेज चलाने के विवाद पर आवेश में आकर उन्होंने प्रार्थी पर हत्या की नीयत से चाकू और बेल्ट से हमला किया था। मामले में पुलिस ने 4 जून 2026 को आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजे गए।

# भाटापारा में 1 करोड़ के विकास कार्य मंजूर, 18 गांवों में बनेंगे रंगमंच और सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा



प्रभारी मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शिवरतन शर्मा की अनुशंसा पर भाटापारा विधानसभा के लिए 1 करोड़ रुपये की लागत से 18 विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत कार्यों से भाटापारा और सिमगा विकासखंड के 18 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीण सीधे लाभान्वित होंगे। इन कार्यों में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, सामाजिक आयोजनों के लिए स्थान उपलब्ध कराने और शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। भोथीडीह के लिए 5 लाख, पाटन 5 लाख, कडार 4 लाख, लिमतरा 5 लाख, मोपका 5 लाख, मुसवाडीह/भोथीडीह - 3 लाख, तुरमा - 5.50 लाख, मोपर - 4.00 लाख, गुडेलिया अटल चौक एवं शहीद वीर नारायण चौक - 5 लाख,6 सामुदायिक भवन निर्माण - कार्य में खोखली - 6.50 लाख, बिटकुली 6.50 लाख, दतरेंगी 10 लाख, देवरानी 5 लाख, रामपुर 10 लाख, दरचुरा 6.50 लाख, 3 शेड एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में- सुरखी 4 लाख, तरेंगा 5 लाख, मल्दी 5 लाख अतिरिक्त कक्ष का निर्माण शामिल हैं।

# मारवाड़ी कुआं शिवमंदिर प्रागंण में पुरुषोत्तम मास जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा



मारवाड़ी कुंआ शिवमंदिर प्रागंण में श्री पुरूषोत्तम मास महोत्सव मनाया जा रहा है। 17 मई से प्रारंभ यह महोत्सव पूरे एक माह 16 जून तक चलेगा।

आयोजन में प्रतिदिन दोपहर एवं रात्रिकालीन पाली में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जहां बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद उठाते हुए पुरूषोत्तम भगवान की पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ ले रहे हैं। आयोजन के 18 वें दिन बुधवार को श्री झूला महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित भक्तों ने भगवान ठाकुर को झूला झुलाकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजक मोतीलाल मोहनलाल केसरवानी परिवार थे, जिनके द्वारा झूला महोत्सव को शानदार मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान उनके परिवार के अन्य लोगों में मनीष केसरवानी, मयंक केसरवानी व अन्य के अलावा पुरूषोत्तम मास आयोजन समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। रात्रिकालीन कार्यक्रम में बिलासपुर से आये भजन प्रवाहक रोहित वस्त्रकार ने शानदार भजनों की प्रस्तुति ने जमकर शमा बांधा। उपस्थित भक्तजन झूमते नजर आये। वहीं भजन प्रवाहक का समिति द्वारा स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।





विश्व पर्यावरण दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं



"हरित पर्यावरण, सुरक्षित भविष्य"

प्रकृति केवल हमारे जीवन का आधार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर भी है। स्वच्छ वायु, निर्मल जल, उपजाऊ भूमि और हरियाली से परिपूर्ण वातावरण ही स्वस्थ एवं समृद्ध समाज की पहचान है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के इस दौर में पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बन गई है।

विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है कि हम प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करेंगे। वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग के माध्यम से ही हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और हरित पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते हैं।

समस्त क्रेशर संचालक, सुहेला एवं बिटकुली क्षेत्र, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव सजग एवं प्रतिबद्ध हैं। अपने-अपने कार्य क्षेत्रों, उद्योगों, परिसरों एवं खदान क्षेत्रों में नियमित रूप से वृक्षारोपण कर हरियाली को बढ़ावा देने का कार्य किया जाता है। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने तथा प्रकृति के संरक्षण के उद्देश्य से समय-समय पर पौधरोपण एवं हरित विकास के विभिन्न प्रयास किए जाते हैं। हमारा विश्वास है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों के संतुलन से ही सतत एवं समृद्ध भविष्य का निर्माण संभव है।

आइए, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाकर धरती को और अधिक हरा-भरा एवं सुरक्षित बनाएंगे।

"एक वृक्ष – अनेक जीवन" | "पेड़ लगाएँ, पर्यावरण बचाएँ" | "प्रकृति का संरक्षण ही मानवता का संरक्षण है"

"हरित पर्यावरण के निर्माण हेतु सतत प्रयासरत एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव प्रतिबद्ध।"

क्रेशर संचालक गण

विनीत :

समस्त क्रेशर संचालक

सुहेला एवं बिटकुली क्षेत्र जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)










संकलनकर्ता - इंदर कोटवानी, तिल्दा नेवरा, मो. 7000 171605, व्हाट्सएप नंबर 93006 88639

# सीएम हेल्पलाइन 1076 : शिकायत, समाधान और जवाबदेही का नया सिस्टम

## केंद्रीकृत तकनीकी सिस्टम, फोन, वॉट्सएप, वेबपोर्टल, मोबाइल एप और लिखित आवेदन, दर्ज होगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ में नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी निराकरण के लिए राज्य सरकार 9 जून से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इसका शुभारंभ करेंगे।

यह केंद्रीकृत तकनीक आधारित व्यवस्था नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने, शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का मंच प्रदान करेगी, जिसकी निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय और सचिवालय द्वारा की जाएगी। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अंतर्गत संचालित इस सिस्टम का उद्देश्य नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने, शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा समय पर समाधान तय करने विश्वसनीय मंच प्रदान करना है। नई व्यवस्था में शिकायतों का निराकरण 7 दिन में करने का प्रयास रहेगा। मुख्यमंत्री और उनका सचिवालय इसकी नियमित मॉनीटरिंग करेंगे, ताकि जनता को समय रहते राहत मिल सके। इस हेल्पलाइन का दूसरा पहलू यह भी है कि इसके जरिए कोई व्यक्ति सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी ले सकता है। पात्र हितग्राही को योजना का लाभ दिलाने के लिए मदद भी की जाएगी।




### केंद्रीकृत और तकनीक आधारित प्रणाली

जानकारी के मुताबिक, सीएम हेल्पलाइन एक केंद्रीकृत और तकनीक आधारित शिकायत निवारण प्रणाली के तौर पर तैयार की गई है। इसके माध्यम से नागरिक फोन, वॉट्सऐप, वेबपोर्टल, मोबाइल ऐप और लिखित आवेदन के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। प्रत्येक शिकायत को एक विशिष्ट नंबर प्रदान किया जाएगा, जिससे उसकी ट्रैकिंग संभव होगी।

### चार स्तरीय सिस्टम से समाधान

शिकायतों के समाधान के लिए चार स्तरीय सिस्टम विकसित किया गया है। इसमें पहले ब्लॉक, जिला, संभागीय तथा अंत में सचिव या विभागाध्यक्ष स्तर पर शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। निर्धारित समय-सीमा में समाधान नहीं होने की स्थिति में शिकायत स्वतः अगले स्तर पर प्रेषित हो जाएगी।

### यूनिक नंबर से होगी ट्रैकिंग

सीएम हेल्पलाइन प्रणाली के पांच प्रमुख बिंदु हैं, इसमें यूनिक टोकन नंबर के माध्यम से शिकायत ट्रैकिंग, समय पर समाधान के लिए एसएलआर आधारित व्यवस्था, समाधान के बाद नागरिकों से संतुष्टि फीडबैक, पारदर्शिता एवं जवाबदेही तथा एमआईएस डैशबोर्ड के माध्यम से सतत निगरानी शामिल हैं। सीएम हेल्पलाइन कॉल सेंटर सप्ताह के सातों दिन और 24 घंटे संचालित रहेगा। कोई भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा तथा उसकी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेगा।

### प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ेगी

हेल्पलाइन का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। हेल्पलाइन पर दर्ज हर शिकायत के लिए एक तय समय सीमा निर्धारित की जाएगी, जिसके भीतर संबंधित विभाग को कार्रवाई करनी होगी। यदि किसी शिकायत का समाधान निर्धारित समय में नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था से प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ेगी और आम नागरिकों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन केवल राजनैतिक नौटंकी : कांग्रेस

रायपुर। कांग्रेस ने भाजपा सरकार द्वारा शुरू किये गए मुख्यमंत्री हेल्प लाइन को केवल राजनैतिक नौटंकी बताया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, भाजपा सरकार ज़ब से बनी है, उसे जनता की समस्याओं के निराकरण से कोई मतलब नहीं है। मुख्यमंत्री निवास में हर गुरुवार को जनता से मिलने का कार्यक्रम शुरू हुआ था, ढाई साल में आधा दर्जन गुरुवार को भी मुख्यमंत्री लोगों से नहीं मिले। भाजपा सरकाऱ ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मंत्रियों के नियमित बैठने की घोषणा की, वह भी बंद हो गया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन भी बहुत जल्दी उबाऊ कॉल सेंटर में तब्दील होगा फिर बंद हो जायेगा। उन्होंने कहा, राज्य में सभी विभागों के सरकारी काम कितने दिन में होगा, हर काम को करने के लिए समय अवधि निर्धारित कर सिटीजन चार्टर बनाया गया था और वह आज भी लागू है, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश के दफ्तरों में लगाया गया सिटीजन चार्टर का बोर्ड तक हटा दिया गया। किसी दफ्तर में कोई काम नहीं होता।ˇ

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पोस्टर स्पर्धा आज

रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन वीआईपी रोड स्थित एक होटल में 5 जून को सुबह 10 बजे प्रांरभ होगा। प्रतियोगिता का विषय प्रकृति से प्रेरित होकर जलवायु और भविष्य का संरक्षण करें रखा गया है। पोस्टर प्रतियोगिता चार आयुवर्ग में रखी गई है।

## अनदेखी : संडी-मोहरा-तिल्दा मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य जारी

# भालूकोना रपटे पर पुलिया नहीं बारिश में फिर कटेगा मोहरा का संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



संडी से मोहरा होते हुए तिल्दा को जोड़ने वाला मार्ग पर इन दिनों सड़क निर्माण कार्य तेजी से जारी है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि सड़क निर्माण के साथ-साथ भालूकोना स्थित दो बड़े रपटों पर पुलिया निर्माण भी कराया जाएगा, जिससे बरसात के दिनों में वर्षों पुरानी समस्या से निजात मिल सकेगी, लेकिन बारिश का मौसम नजदीक आने के बावजूद पुलिया निर्माण की शुरुआत तक नहीं हो पाई है, जिससे लोगों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भालूकोना के दोनों रपटे हर वर्ष अधिक बारिश होने पर पानी में डूब जाते हैं, जिससे मोहरा और आसपास के गांवों का संपर्क टूट जाता है। आवागमन बाधित होने से विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों एवं दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों को विश्वास था कि सड़क निर्माण परियोजना में पुल-पुलियों का निर्माण प्राथमिकता से किया जाएगा, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है। भालेसूर के टकेश्वर प्रसाद वर्मा, सरपंच नवीन कुमार वर्मा तथा पूर्व सरपंच संतन दास बांधे सहित ग्रामीणों ने बताया कि सामान्यतः सड़क निर्माण के साथ पुल-पुलियों का निर्माण पहले किया जाता है, किंतु इस मार्ग पर पुलिया निर्माण को छोड़कर सड़क का कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि जल्द पुलिया निर्माण नहीं हुआ तो इस वर्ष भी बरसात में आवागमन प्रभावित रहेगा और लोगों को एक और साल इंतजार करना पड़ सकता है।



# अलग-अलग स्थानो से 7 सटारिये गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ 10,444 रुपए और 5 मोबाइल और सट्टा पट्टी जब्त

जिला में अवैध जुआ और सट्टा कारोबारियों के खि ला फ पुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है। इसी कड़ी में 3 जून को जिले में सट्टा पट्टी लिखने वाले सटोरियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत थाना पलारी, लवन, भाटापारा शहर एवं सिटी कोतवाली की पुलिस टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी और सट्टा कारोबार में लिप्त अपराधियों पर नकेल कसते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्त किया। इस सघन जांच और कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 7 आरोपी सटोरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस द्वारा कुल 10,444 नगद राशि, 05 स्मार्टफोन, भारी मात्रा में सट्टा पट्टी और दांव लगाने की सामग्री जब्त की गई।

आरोपी योगेंद्र चतुर्वेदी 20 वर्ष निवासी ग्राम बिनोरी थाना पलारी, रवि पठारी 26 वर्ष निवासी भगत सिंह वार्ड भाठापारा, राजा उर्फ संतोष बंजारे 34 वर्ष निवासी महासती वार्ड भाटापारा, हरीशंकर धृतलहरे 41 साल निवासी ग्राम जुडा थाना लवन, गिरजा मारकण्डे 41 साल निवासी दशरमा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, खेलचंद यादव 32 वर्ष निवासी ग्राम मोहतरा थाना सिटी कोतवाली घटनास्थल ग्राम मोहतरा, ईतवारी राम जांगड़े 56 साल निवासी ग्राम यदु खम्हरिया थाना सिटी कोतवाली के खिलाफ संबंधित थानों में धारा 6 (क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रति. अधिनियम 2022 के एवं अन्य अधिनियमों के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।







## पेज 9 के शेष

### सुहेला की आयुष्मान...

सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें कोई अध्यक्ष, सचिव या पदाधिकारी नहीं है। समिति के सभी सदस्य समान रूप से कार्य करते हैं और सामूहिक नेतृत्व के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दायित्व निभा रहे हैं।

ये हैं आयुष्मान समिति के सदस्य समिति में विजय वर्मा, छममन लाल साहू, बीरेन्द्र वर्मा, जितेंद्र नायक, किशोर वर्मा, गैदु साहू, जयंत वर्मा, परसराम पाल, मुलचंद वर्मा, रामनारायण साहू, भुनेश्वर वर्मा, मनीष वर्मा, गिरीजा वर्मा, मित्रण नायक, रुद्र देव बघमार, अजय दास , यशवंत बंजारे, धर्मेंद्र वर्मा, मनोज कुमार सेन, सोमेश्वर साहू एवं भागीरथी वर्मा शामिल हैं। सभी सदस्य बिना किसी पद और स्वार्थ के पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। समिति द्वारा अब तक बड़ा तालाब पार, खल्लारी मार्ग, प्रवेश द्वार से सतनामी पारा तक, बिजली कार्यालय परिसर, चीरघर क्षेत्र, नवीन स्कूल से नवीन तहसील भवन मार्ग, आत्मानंद विद्यालय परिसर के सामने, कुर्मी भवन तथा श्मशान घाट सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण किया गया है।

समिति द्वारा लगाए गए वृक्षों में नीम, वट, पीपल, शीशम, जामुन, करंज एवं अन्य छायादार प्रजातियां प्रमुख हैं। वृक्षों की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए समिति के सदस्य प्रतिमाह 100 रुपये का अंशदान जमा करते हैं, जिससे सिंचाई, खाद, सुरक्षा घेरा और अन्य आवश्यक कार्य संपादित किए जाते हैं।सरकारी नर्सरी कचलोन से प्राप्त पौधों को समिति द्वारा विभिन्न स्थानों पर रोपित किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति अपने परिजनों की स्मृति में पौधा लगाना चाहता है तो समिति उसे यह अवसर उपलब्ध कराती है। इसके लिए 501 रुपये का सहयोग शुल्क लिया जाता है, जिसमें गड्ढा खुदाई, खाद, मजदूरी एवं सुरक्षा घेरा की व्यवस्था शामिल रहती है।

**5 जुलाई को 200 पौधे लगाने का लक्ष्य_** आयुष्मान समिति ने आगामी 5 जुलाई को सुहेला में 200 नए पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। समिति के सदस्य इस अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### बिलाइगढ़ में मुख्यमंत्री...

सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण, बस्ती क्षेत्र में मंगल भवन निर्माण, गांव की आंतरिक गलियों में सीसी रोड निर्माण तथा चंडी मंदिर के समीप स्थित डबरी तालाब के सौंदर्यीकरण की घोषणा की। साथ ही प्राथमिक शाला का नामकरण पंडित हृदयानंद पाणिग्राही के नाम पर किए जाने की भी घोषणा की।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री का भीषण गर्मी के बीच सीधे गांव पहुंचकर लोगों से संवाद करना उनकी जनसेवा और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

कार्यक्रम में जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पांडेय, उपाध्यक्ष अजय नायक, जिला पंचायत सदस्य अभिलाषा नायक एवं सहोदरा सिदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष बरमकेला विद्या चौहान, पूर्व विधायक केरा बाई मनहर, जवाहर नायक, ज्योति पटेल, खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रजत बंसल, कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, प्रभारी पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सपेरा बस्ती पहुंचे...

मिशन के तहत हर घर जल के लिए नल कनेक्शन दिया जा रहा है। 3 महिलाओं को छोड़कर बाकी सभी 62 परिवार में महतारी वंदन का लाभ महिलाओं को दिया जा रहा है। पेंशन - वृद्धा पेंशन के रूप में बुजुर्गो को पेंशन मिल रहा है। 5 लाख रूपये तक के बीमारी के इलाज के लिए शत प्रतिशत परिवार का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से 13 लाख रूपये की लागत से सीसी सड़क का निर्माण मेन रोड से बस्ती आने तक दिया गया है। पीएम आवास कॉलोनी के लिए मुख्य मार्ग से कोसा बाड़ी की ओर 8 लाख रूपये की लागत से पक्का नाली निर्माण किया गया है।

### खड़े ट्रक से...

मुख्य कमाऊ सदस्य था और उसके अलावा परिवार में कोई दूसरा पालनहार नहीं है। भूषण की असमय मौत से पूरा परिवार बेसहारा हो गया है। ग्रामीणों और परिजनों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि पीड़ित गरीब परिवार की स्थिति को देखते हुए उन्हें जल्द से जल्द उचित सरकारी सहायता राशि स्वीकृत की जाए, ताकि बेसहारा हो चुके बच्चों और पत्नी को कुछ आर्थिक राहत मिल सके।

### संयंत्र में कन्वेयर ...

था कि आसपास के गांवों से भी लोग इसे देख रहे थे तथा वीडियो और फोटो बनाते नजर आए। घटना के दौरान मजदूरों और कर्मचारियों में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि अथवा श्रमिक के घायल होने की सूचना नहीं है।

घटना के बाद संयंत्र की सुरक्षा व्यवस्था और औद्योगिक सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस क्षेत्र में ज्वलनशील वेस्ट मटेरियल का उपयोग किया जाता है, वहां सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी अत्यंत मजबूत होनी चाहिए। समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

इस संबंध में संयंत्र प्रबंधक हुकुमचंद गुप्ता ने बताया कि /"फायर पूरी तरह कंट्रोल हो गई है। कंट्रोल एयर लाइन में लीकेज होने के कारण सिस्टम प्रेसराइज हो गया था। सैक्रिफाइज कन्वेयर में आग लग गई थी, जिस पर तत्काल नियंत्रण पा लिया गया। घटना के कारण प्लांट लगभग 10 से 12 मिनट के लिए रुका था, जिसके बाद उत्पादन कार्य सामान्य रूप से शुरू कर दिया गया। वर्तमान में प्लांट पूरी तरह रनिंग में है और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

वहीं घटना को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष भानुप्रताप प्रताप वर्मा ने कहा कि संयंत्र प्रबंधन को इस घटना को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था, उससे स्पष्ट है कि घटना सामान्य नहीं थी। श्रमिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होना चाहिए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।


पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। यदि तकनीकी खामी के कारण आग लगी है तो उसकी विस्तृत जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संयंत्र में कार्यरत श्रमिकों के जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

# केंद्र के ई-पोर्टल से मिलेगी खाद, छत्तीसगढ़ के बीजापुर और गरियाबंद बने पायलट जिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वितरण को अधिक पारदर्शी और जरूरत आधारित बनाने के लिए नई डिजिटल व्यवस्था लागू करने की शुरुआत की है। इस नई प्रणाली के पायलट प्रोजेक्ट के लिए छत्तीसगढ़ के दो जिलों बीजापुर और गरियाबंद जिले का चयन किया गया है। खरीफ सीजन के दौरान इन जिलों में किसानों को उर्वरक वितरण ई-पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा, जिससे खाद की उपलब्धता, वितरण और खपत की निगरानी रियल टाइम में की जा सकेगी। राज्य के कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था कारगर रही तो इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

नई व्यवस्था ऐसे समय लागू की जा रही है जब हर वर्ष खरीफ सीजन में खाद की कमी, लंबी कतारों, कालाबाजारी और जरूरत से अधिक खरीदारी की शिकायतें सामने आती रही हैं। सरकार का मानना है कि डिजिटल प्रणाली से इन समस्याओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। हालांकि जून के प्रथम सप्ताह में राज्य में खेती-किसानी की गतिविधियां शुरु हो गई है। राज्य के कई अलग-अलग जिलों से किसानों की ये परेशानी सामने आ रही है कि उन्हें सोसाइटी से खाद नहीं मिल पर रही है। दूसरी ओर कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सोसाइटियों में खाद भंडारण पिछले साल से अधिक मात्रा में किया गया है। कुछ सोसाइटियों में खाद की कमी इसलिए हो सकती है, क्योंकि खाद परिवहन को लेकर कई बार समस्याएं आती हैं।




### क्या है नई व्यवस्था

नई प्रणाली के तहत किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए पहले पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। किसान अपनी फसल, भूमि और आवश्यक उर्वरक की जानकारी दर्ज करेंगे। इसके आधार पर उन्हें उर्वरक आवंटित किया जाएगा। कई राज्यों में परीक्षण के दौरान ई-टोकन, क्यूआर कोड और भूमि रिकॉर्ड आधारित सत्यापन जैसी व्यवस्थाएं भी अपनाई गई हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सब्सिडी वाला उर्वरक वास्तविक किसानों तक पहुंचे और उसकी अनावश्यक जमाखोरी न हो।

### किसानों की चिंता भी कम नहीं

हालांकि नई व्यवस्था को लेकर किसानों और सहकारी समितियों के बीच कुछ आशंकाएं भी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता और समय पर पंजीयन जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। मध्य प्रदेश में लागू की गई इसी तरह की डिजिटल प्रणाली से कतारें कम होने और वितरण में पारदर्शिता बढ़ने के दावे किए गए हैं, लेकिन शुरुआती दौर में किसानों को नई प्रक्रिया समझने में समय लगा था।

### बीजापुर और गरियाबंद क्यों महत्वपूर्ण

बीजापुर और गरियाबंद का चयन इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दोनों जिलों की कृषि परिस्थितियां एक-दूसरे से काफी अलग हैं। बीजापुर नक्सल प्रभावित और आदिवासी बहुल जिला है, जबकि गरियाबंद में धान उत्पादन प्रमुख है। ऐसे में केंद्र सरकार को यह समझने का अवसर मिलेगा कि डिजिटल उर्वरक वितरण प्रणाली दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों और सामान्य कृषि क्षेत्रों में किस तरह काम करती है। जानकारों का मानना है कि यदि इन दोनों जिलों में प्रयोग सफल रहता है तो आने वाले वर्षों में इसे पूरे छत्तीसगढ़ और देश के अन्य राज्यों में लागू किया जा सकता है।

### खाद संकट और कालाबाजारी रोकने की कोशिश

केंद्र सरकार का दावा है कि नई प्रणाली से उर्वरक की उपलब्धता और स्टॉक की निगरानी आसान होगी। अधिकारी यह देख सकेंगे कि किस जिले, ब्लॉक या दुकान में कितना स्टॉक उपलब्ध है और किस किसान ने कितना उर्वरक खरीदा है। इससे कालाबाजारी, फर्जी बिक्री और औद्योगिक उपयोग के लिए उर्वरक की अवैध निकासी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

### खरीफ सीजन में होगी असली परीक्षा

छत्तीसगढ़ में धान की बुआई का मौसम शुरू होने वाला है और इसी दौरान उर्वरकों की मांग सबसे अधिक रहती है। ऐसे में बीजापुर और गरियाबंद में शुरू की जा रही ई-पोर्टल आधारित व्यवस्था की सफलता या विफलता पर राज्य और केंद्र दोनों की नजर रहेगी। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो खाद वितरण की पारंपरिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रेलवे स्टेशन-बस टर्मिनल में लगी नशामुक्ति प्रदर्शनी

रायपुर। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल और रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर एक दिन के लिए नशामुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बस टर्मिनल भाठागांव में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन महापौर मीनल चौबे और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। साथ में ब्रह्माकुमारी भावना, ब्रह्माकुमारी चंद्रकला, ब्रह्माकुमारी निधि और ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा दीदी उपस्थित थीं। इसी तरह रेलवे स्टेशन में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़, रेल मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (डीसीएम) राकेश सिंह और रायपुर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती चौबे ने नशामुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि समाज को नशामुक्त करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्था का प्रयास सराहनीय है। प्रदर्शनी के द्वारा चित्रों के माध्यम से नशे से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव की जानकारी मिलती है। ब्रह्माकुमारी संस्थान की रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि तम्बाकू और धूम्रपान की वजह से देश में करीब 13.5 लाख लोग असमय ही मौत की नींद सो जाते हैं। देश में एक तिहाई कैंसर का कारण तम्बाकू ही होता है।

### बिलाईगढ़ क्षेत्र के छह गांवों में लगाई गई कृषि चौपाल

# गांवों में सजी कृषि चौपाल किसानों को बांटे गए ढेंचा बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसा नाला



खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच किसानों को वैज्ञानिक खेती, मृदा संरक्षण और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा 1 से 30 जून तक जिले के गांवों में 'खेत बचाओ अभियान' संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संवाद स्थापित कर रहे हैं तथा उन्हें टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं।

इसी क्रम में विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम सोनियाडीह, धनसीर, बेगपाली, बिसनपुर, अर्जुनी, पेंड्रावन में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू द्वारा किसानों से संवाद कर विभिन्न कृषि योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी दी गई। चौपाल में किसानों को खेत बचाओ अभियान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, धान की खेती के क्षेत्र विस्तार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कृषि अधिकारियों ने बताया कि किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर प्रकाश कुमार थवाईत द्वारा जैविक खेती गोबर खाद तथा बीजामृत, जीवामृत, उन्हें हरी खाद, ढैंचा, बीजी, कल्चर, के उपयोग से मृदा की उर्वरता बढ़ाने और उत्पादन लागत कम करने के उपाय बताए गए।

क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीनानाथ साहू द्वारा फसल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों की जानकारी साझा की गई। हरिखाद ढैंचा एवं बीजीए कल्चर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुआ ढैंचा बीज का वितरण किया गया साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा कृषक द्वारा बनाए गए बीजीए कल्चर टांका का निरीक्षण किया गया उक्त कार्यक्रम किसान मित्र रमेश लाल पटेल एवं ग्राम के कृषक सेतराम ,रशिया साहू,बीरबल महावीर, नर्सिंग पटेल एवं अन्य किसान उपस्थित रहे।

### यादों की बारात कार्यक्रम में जुटेंगे सैकड़ों शिवाजी स्कूल के पूर्व विद्यार्थी

रायपुर। छत्रपति शिवाजी स्कूल की प्रथम शाखा की शुरूआत अब से ठीक 30 वर्ष पूर्व जून 1996 में बूढ़ापारा से की गई थी। वर्तमान में रायपुर में तीन स्थानों बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती व प्रोफेसर कॉलोनी में शिवाजी स्कूल का संचालन किया जा रहा है। स्कूल की स्थापना के तीस वर्ष पूर्ण होने तथा इसकी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय 4 से 6 जूपकार्यक्रम यादों की बारात का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रथम दिवस का आयोजन शुक्रवार 5 जून को शाम 4 बजे से अग्रसेन सभा भवन, पुरानी बस्ती में किया जाएगा, जिसमें तीनों स्कूल की टीचर्स द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें तीस वर्ष की स्कूल की यात्रा को भी नाटक आदि द्वारा पेश किया जाएगा। साथ ही कविता, भाषण आदि की प्रस्तुति भी उनके द्वारा की जाएगी।







### कोलिहा के 10 युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

भाटापारा। भाजपा की विचारधारा, रीति-नीति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कौशलपुर मंडल अंतर्गत ग्राम कोलिहा के 10 युवाओं ने गुरुवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। स्थानीय युवा मंडल अध्यक्ष रोशन साहू के नेतृत्व में रितेश साहू, शेखर रावते, राकेश लहरे, दुर्गेश लहरे, मुकेश लहरे, रोशन डहरे, लक्की पाटले, चेतन पाटले, प्रियांशु पाटले एवं आँशु बंजारे वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के निवास कार्यालय पहुंचे। शिवरतन शर्मा ने सभी नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं को पार्टी का गमछा पहनाकर भाजपा परिवार में आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हो रहे चहुंमुखी विकास को देखकर आज युवा वर्ग बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़ रहा है। सदस्यता ग्रहण के दौरान शिवरतन शर्मा ने सभी नए सदस्यों से बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।






## खबर संक्षेप



### चित्ररेखा साहू बनीं मंत्री की प्रतिनिधि

**अर्जुनी।** बलौदाबाजार विधायक एवं मंत्री टंकराम वर्मा ने क्षेत्र की विकास गतिविधियों और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए ग्राम अर्जुनी की पूर्व सरपंच चित्ररेखा साहू को महिला एवं बाल विकास विभाग बलौदाबाजार के लिए अपना आधिकारिक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। मंत्री द्वारा अनुमोदित इस नियुक्ति के तहत नवनियुक्त प्रतिनिधि चित्ररेखा साहू विभाग की होने वाली आगामी सभी नियमित बैठकों में भाग लेंगी और स्थानीय स्तर पर आने वाली जनसमस्याओं को सुलझाने में अपनी भूमिका निभाएंगी। इस नियुक्ति पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा, जवाहरलाल वर्मा, उर्मिला वर्मा सदस्य महिला प्रकोष्ठ, प्रेमचंद वर्मा, डमरूधर वर्मा, सुमन वर्मा, टिकेश्वर सेन, प्रमोद जैन, विष्णू साहू, भवरसिह साहू, चिंतामणि साहू, चित्ररेखा यदु, गंगा प्रसाद यदु और राजेश वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने बधाइयां दी है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण आज

**अर्जुनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत माता सेवा ट्रस्ट के द्वारा अर्जुनी के नवातालब स्थित संघ शताब्दी उद्यान में पौधारोपण किया जाएगा। उक्त उद्यान में फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएंगे । पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्य सुबह समय 6.30 पर होगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक भारत माता सेवा ट्रस्ट नीरज परगनिहा द्वारा दी गई।

### रेलवे फाटक के पास एक्सीडेंट में कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** न्यायालयीन कार्य से महासमुंद आए अधिवक्ता की कार को एक वाहन चालक ने ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाली थाने में प्रार्थी नितिन चतुर्वेदी निवासी रायपुर ने रिपोर्ट लिखाई है कि 3 जून को अपनी कार सीजी 04 पीबी 1508 से अपने साथी अधिवक्ता अमन जांगडे एवं एक परिचित श्याम सुंदर गुप्ता के साथ रायपुर से महासमुंद शहर की ओर न्यायालयीन कार्य से आ रहा था। शाम 05 बजे के आसपास महासमुंद रेलवे फाटक के पास कार सीजी 06 एचई 8881 के चालक ने उसकी गाड़ी को पीछे से ठोकर मार दिया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब जब्त, महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने एक महिला के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर पुष्पा सोनी पति घनश्याम सोनी (36 साल) वार्ड नं- 01 बसना के कब्जे से करीब 15 लीटर महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### अंग्रेजी शराब जब्त, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा की ओर जा रहे एक व्यक्ति के कब्जे से कोतवाली पुलिस ने अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक प्लास्टिक बोरी में बड़ी मात्रा में अवैध शराब लेकर बेमचा शराब भट्ठी से पैदल ग्राम बेमचा की ओर जा रहा है।
मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी गणेश यादव पिता गोकुल यादव (43 वर्ष) बेमचा के कब्जे से 8 नग देशी रोमियो पौवा शराब कीमत 800 रुपए, 22 नग मेडोफ प्रीमियम माल्ट व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमत 3520 रुपए कुल 4320 रुपए को बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# आधुनिक युग में भी बरक़रार है जाता की खनक, पुरानी पद्धति से पिसाई दाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

आज का युग पूरी तरह से आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत हो चुका है। रसोई से लेकर खेतों तक हर काम के लिए एक से बढ़कर एक इलेक्ट्रॉनिक मशीनें उपलब्ध हैं। दाल और अनाज पीसने के लिए आधुनिक मिलें और मिक्सर ग्राइंडर घर-घर पहुंच चुके हैं।

लेकिन इस मशीनी चकाचौंध के बीच आज भी ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक संस्कृति और पुरानी पद्धति जीवंत है, इसका जीता-जागता उदाहरण तब देखने को मिलता है, जब महिलाएं सुबह-सुबह पारंपरिक जाता पत्थर की हाथ चक्की से दाल



### परंपरा में छिपा है सेहत का राज

आज के दौर में जहां लोग जिम जाकर हजारों रुपये खर्च करते हैं। वहीं ग्रामीण महिलाएं इस पारंपरिक पद्धति के जरिए बिना किसी खर्च के खुद को पूरी तरह स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखती हैं। परंपरा और आत्मनिर्भरता का संदेश तेजी से बदलती जीवनशैली के बीच इस पुरानी पद्धति को बचाकर रखना यह संदेश देता है कि आधुनिकता कितनी भी आगे बढ़ जाए, हमारी जड़ों और पारंपरिक ज्ञान की जगह कोई मशीन नहीं ले सकती। आधुनिक मशीनों की उपलब्धता के बाद भी जाते का यह उपयोग हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आत्मनिर्भर ग्रामीण जीवन की एक खूबसूरत और सुकून देने वाली तस्वीर पेश करता है ।

पीसती नजर आती हैं। वही महिलाओं का मानना है कि आधुनिक मशीनों में तेज गति और गर्मी के कारण अनाज और दालों के प्राकृतिक पोषक तत्व और असली स्वाद नष्ट हो जाते हैं। इसके विपरीत पत्थर के जाते से बेहद धीमी गति और बिना किसी अतिरिक्त तापमान के पिसी गई दाल का स्वाद लाजवाब होता है। इस पद्धति से तैयार दाल न केवल सुपाच्य होती है, बल्कि लंबे समय तक खराब भी नहीं होती। विदित हो कि जाता चलाना केवल एक काम नहीं बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य का एक बेहतरीन जरिया भी है। बुजुर्ग महिलाओं के अनुसार जाते से दाल पीसने के बहाने हाथों कंधों और कमर की अच्छी कसरत हो जाती है।

### बेहतर संचालन एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार निर्माण के निर्देश

# प्रमुख सचिव ने भाटागांव में पूरक पोषण आहार निर्माण केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार ने आज जिला प्रवास के दौरान ग्राम भाटागांव स्थित पूरक पोषण आहार निर्माण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और वहां कार्यरत स्व-सहायता समूह की महिलाओं से सीधे संवाद किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल भी मौजूद रहे।

प्रमुख सचिव शहला निगार ने केंद्र के बेहतर संचालन को लेकर समूह की महिलाओं की सराहना की, साथ ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्तायुक्त 'रेडी टू ईट' फूड तैयार करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण प्रक्रिया के दौरान स्वच्छता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी, ताकि पोषण आहार पूरी तरह सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक बना रहे।

उल्लेखनीय है कि इस पूरक पोषण आहार निर्माण केंद्र का सुचारू संचालन 'जय मिनी माता स्व-सहायता समूह सोनपुरी' की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। प्रमुख सचिव ने महिलाओं के इस आत्मनिर्भर प्रयास को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें और अधिक दक्षता के साथ काम करने की प्रेरणा दी, जिससे जिले में कुपोषण मुक्ति के अभियान को और मजबूती मिल सके।

# खेत बचाओ अभियान में गांव गांव पहुंच रहे कृषि अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच किसानों को वैज्ञानिक, टिकाऊ और लाभकारी खेती से जोड़ने के लिए कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में "खेत बचाओ अभियान" चलाया जा रहा है। 1 से 30 जून तक संचालित इस विशेष अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर कृषि चौपाल आयोजित कर रहे हैं तथा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, मृदा संरक्षण और प्राकृतिक खेती के संबंध में जागरूक कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ कृषि मंत्रालय एवं उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव के निर्देशन में विकासखंड बिलाईगढ़ के सोनियाडीह, धनसीर, बेगपाली, बिसनपुर, अर्जुनी एवं पेंड्रावन गांवों में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और कृषि नवाचारों की विस्तार से जानकारी दी गई।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने किसानों से संवाद करते हुए खेत बचाओ अभियान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा धान खेती के क्षेत्र विस्तार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय बताए।

वहीं ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर प्रकाश कुमार थवाईत ने गोबर खाद, बीजामृत, जीवामृत, हरी खाद, ढैंचा एवं बीजीए (BGA) कल्चर के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के प्रभावी तरीके समझाए। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीनानाथ साहू ने फसल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों पर किसानों का मार्गदर्शन किया।

# हथबंद पंचायत में सचिवों के तबादले 15 महीनों में जारी हुए 8 आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम पंचायत हथबंद में नव नियुक्त सरपंच पिछले वर्ष 3 मार्च को प्रभार लेते ही ग्राम पंचायत की दशा दिशा में बदलने की प्रयास और जो अपने पंचायत में चुनाव जीतने के पहले घोषणा और वादे जो किए थे उसी तौर में लगने की कवायत में रहे। मगर अफसोस सचिवों के तबादले के चलते वह कुछ भी नहीं कर पा रहे हैंद। आज दिनांक तक देखा जाए तो इन 14- 15 महीनों में सचिवों के तबादले को लेकर और आदेशों को लेकर जो माहौल गर्म बना हुआ है, वह अभी भी भट्टी में तपन की तरह नजर आ रही है। कहने का तात्पर्य यह है कि जिला पंचायत से लगभग 7 से 8 लेटर जारी हुए हैं और वह सिर्फ सचिवों के लिए और वह भी एक सचिव के पीछे दूसरा सचिव दूसरा सचिव के पीछे तीसरा सचिव और अब चौथ की तलाश आखिर कहानी क्या है।

■ हाईकोर्ट में झूठी जानकारी देने का आरोप

सचिवों को लेकर तबादले की दशा देखते हुए जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिमगा ने जांच टीम बनाई और जांच में यह देखा गया कि जिस सचिव का वहां पर ड्यूटी था वह ड्यूटी पर तो थे ही नहीं साथ ही साथ उनका मोबाइल भी बंद आ रहा और कुछ महीनों तक कामकाज से भी दूर रहे ऐसे में जांच अधिकारियों ने स्पष्ट तौर पर अपने विभाग के अधिकारी को उनके ऊपर कार्यवाही के लिए रिपोर्ट तैयार करके दे दिए। साथ ही साथ सिमगा मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा सचिव को कारण बताओ भी नोटिस जारी हुआ मगर सचिव द्वारा कोई भी इसकी जानकारी नहीं दी गई और उपस्थिति भी दर्ज नहीं कराई गई। जब मामला कुछ दिन बाद उच्च न्यायालय के दरवाजे तक पहुंचा तब मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से यह जानकारी दिया कि वह सचिव तो ग्राम पंचायत हथबंद में अपने सेवा दे रहे हैं, मगर दस्तावेज को देखा जाए तो उस सचिव का अभी तक ग्राम पंचायत हथबंद में पदार्पण ही नहीं हुआ और अभी तक पदभार भी नहीं ग्रहण किया तो यह देखा जाए तो विभाग के द्वारा उच्च न्यायालय को झूठ बोलकर आदेश पारित करवाया गया।

# पहला विवाह 19 जून को, फिर 12 जुलाई तक 18 मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अधिमास 15 जून को खत्म होगा। इसके बाद 19 जून से विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। सीजन 12 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 18 शुभमुहूर्त बताए गए हैं। मैरिज गार्डन, मांगलिक भवन, सामाजिक भवन, होटल पहले से बुक हो चुके हैं। जिले में एक हजार से ज्यादा शादियों का अनुमान है।

विवाह सीजन नजदीक होने के बाद भी सराफा बाजार में वैसी खरीदारी नहीं दिख रही। कारोबारियों के मुताबिक ग्राहक दुकानों में



पहुंच रहे हैं। गहनों की डिजाइन, वजन कीमत की जानकारी ले रहे हैं। खरीद सीमित है। सोने-चांदी के ऊंचे, स्थिर दामों के कारण कई लोग वजन, खरीदारी टाल रहे हैं। सराफा व्यवसायी सोनी ने बताया कि इन दिनों बाजार में खरीदी से ज्यादा पूछताछ हो रही है। ग्राहक बजट का आकलन कर रहे हैं। जिन लोगों को तुरंत जरूरत है, वे हल्के वजन के आभूषण चुन रहे हैं।

18 से 20 कैरेट के हल्के गहनों की मांग बढ़ी है। विवाह आयोजनों से जुड़े सेक्टर हॉल, मैरिज गार्डन संचालकों के बुकिंग बढ़ रही है। होटल, बैंक्वेट मुताबिक जून और जुलाई के प्रमुख मुहूर्तों की तारीखें पहले ही आरक्षित हो चुकी हैं। प्री-वेडिंग शूट की मांग बढ़ी है।

### मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम हरदा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी हरमेश सारथी पिता धरम लाल सारथी ने बताया कि 2 जून को रात करीबन 09.30 बजे आरोपी डोस कुमार सारथी पिता प्रेमलाल सारथी (40 साल) ने तेजकुमार यादव के घर के पास आकर, हमारी दीदी मां बुधनी बाई को खाना पीना नहीं देते हो कहकर गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115 (2), 351 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# सीमेंट के सीएसआर ने प्राकृतिक खेती पर किसानों को दिया प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड कुक्रदी सीमेन्ट संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा निर्देश एवं एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में ग्राम ढनढनी में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मृख्य उद्देश्य किसानों को कृषि में रासायनिक खाद का उपयोग कम या नहीं करने व प्राकृतिक खाद का उपयोग बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। इस



कार्यक्रम में 25 स्थानीय किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सियाराम हिरवानी कृषि विकास अधिकारी, शिव कुमार वर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं नारायण साहू प्रशिक्षक, ग्राम ढनढनी से सरपंच प्रतिनिधि रजित ध्रुव, उपसरपंच भूपेन्द्र कुमार साहू की उपस्थित रहे।

### फलदार और छायादार पौधों से संवर रहे गांव और श्मशान घाट

# 'पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो' टीम हर अवसर पर लगा रही पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

अंचल में पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो टीम पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य अब तक 5 हज़ार पौधे रोप चुकी हैं। 2 हज़ार पौधे तो वृक्ष का रूप ले लिए है। वही 2 हज़ार पौधे आकार लेने तैयार है। पौधे लगाने बढ़ाने और बचाने के साथ कुछ दुर्लभ किस्म के पेड़ पौधे हैं, जो लगभग विलुप्तिकरण के कगार पर आ चुके थे। हर अवसर में पौधारोपण कर धरा को हरियाली और मौसम को शीतलता प्रदान करने में जुटे हुए है। इसी तरह व्यक्ति के मरणोपरांत उनके याद में श्मशान घाट पर परिजनो द्वारा विविध प्रकार के छायादार और फलदार पौधारोपण किया जाता है। इस टीम में कौड़ियां निवासी राजु वर्मा, लोकेश साहू, चित्तु साहू, भुपेंद्र साहू, पटकुमार डहरिया, सोमु साहू, डीले वर्मा, रोहन वर्मा, गंगाधर चंद्राकर, तोरन कनौजे, ललीत वर्मा, पार्थ, मोंगरा, गीता बाई साहू, भारती वर्मा, रीतु वर्मा, भुनेश्वरी डहरिया, मीना वर्मा, वटगन से राजेश शर्मा, ओडान से गोदावरी साहू, राधा वर्मा, रामस्वरूप, तोमन, जीतेंद्र, कमल, गातापार से जनक राम वर्मा, राजु वर्मा, संदीप वर्मा, मन्नु वर्मा आदि शामिल हैं।



### सीमेंट आवासीय परिसर में पौधारोपण

**बलौदाबाजार।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर एक दिन पूर्व श्री सीमेंट के आवासीय परिसर में कर्मचारी अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान लगभग 150 पौधे लगाए गए, जिसमें फलदार आम, कटहल, आंवला, नींबू, जामुन एवं छायादार पौधे में पीपल,नीम,जैसे पौधे शामिल है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री रायपुर सीमेंट प्लांट के कार्यकारी मैनेजमेंट में हुकुमचंद गुप्ता, अशोक चौधरी, देवेंद्र सिंह, रजनीश शर्मा, शैलेन्द्र राठौर, मनोज सुथार, नीरज परगनिहा, भवतोष दास,रामकरण पटेल, मुकेश देवांगन लाल बहादुर के साथ- साथ पूरा भरुवाडीह कॉलोनी वासी, बच्चे एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान एक कदम स्वच्छता की ओर के तहत प्लास्टिक नहीं कपड़ा सही के अंतर्गत कपड़े का थैला भी लोगों को वितरण किया गया।



# खरोरा की ज्वेलर्स दुकानें प्रत्येक शनिवार को बंद रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सराफा एसोसिएशन इकाई की बैठक चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय अग्रवाल की सहमति सराफा इकाई के अध्यक्ष शंभु दयाल सोनी उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। इसमें व्यापारियों द्वारा बहुत महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा की गई। सभी चर्चाओं में मुख्य रूप से साप्ताहिक बंद विषय पर चर्चा की गई, जिसमें समस्त व्यापारियों द्वारा प्रत्येक शनिवार को अपनी प्रतिष्ठान बंद रखने की बात पर एकमत हुए। यह नियम आने वाले शनिवार यानी 6 जून से ही लागू किया गया है। बैठक में खरोरा नगर के सभी सराफा व्यवसायी शामिल हुए। अध्यक्ष द्वारा कहा गया वैसे तो सभी समझदार नियमों को मानने वाले है फिर भी यदि किसी के द्वारा नियम उल्लंघन किया जाएगा, तो उन व्यापारी भाई से 5100 रुपए की राशि पेनल्टी के रूप में लिया जाएगा। जिसका सभी ज्वेलर्स व्यवसईयों ने स्वागत किया। खरोरा के ज्वेलर्स व्यापारियों में शंभु दयाल सोनी अम्बे ज्वेलर्स, विवेक सोनी, महावीर ज्वेलर्स, अनिल अग्रवाल महालक्ष्मी ज्वेलर्स, संदीप सोनी बालाजी ज्वेलर्स, राजेंद्र सोनी विनायक ज्वेलर्स, ऋषि चावला गुरुचरण ज्वेलर्स, सुरेश सोनी खीवराज ज्वेलर्स, पवन सोनी शिव शक्ति ज्वेलर्स, मोनू देवगन साधना ज्वेलर्स और सूरज सोनी, आकाश सोनी, सूरज सोना ज्वेलर्स उपस्थित थे।